G20

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in e-mail ID – nss@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 05 /एन0एस0एस0/एम.एस.यू./2022–23 दिनांकः 19/04/2023

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त महाविद्यालय/संस्थान
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

विषय :– दिनांक 25 अप्रैल, 2023 को विशेष रक्तदान शिविर अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक संख्या –744/सत्तर–1–2023 उच्च शिक्षा अनुभाग–1 दिनांक 18 अप्रैल, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध सभी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा दिनांक 25.04.2023 को रक्तदान हेतु जन–जागरूकता अभियान एवं वृहद रक्तदान शिविरों का आयोजन करते हुए स्वैच्छिक रक्त एकत्रित किया जाना है, जिससे प्रतिस्थानी रक्तदाताओं पर निर्भरता को कम किया जा सके।

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/संस्थान द्वारा जनपदीय रक्तकेन्द्रों से समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक रक्तदान शिविर आयोजित करना सुनिश्चित करे जिससे अपेक्षित कार्यवाही से शासन को ससमय सूचित किया जा सकें।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय

(डा0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव कार्यालय।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

शीर्ष प्राथमिकता/महत्वपूर्ण
संख्या– 744/सत्तर–1–2023

प्रेषक,

डा0 सुधीर एम0 बोबडे,
अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव/कुलपति,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
प्रदेश।

3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 **लखनऊ :: दिनांक/18 अप्रैल, 2023**

विषयः दिनॉक 25 अप्रैल, 2023 को विशेष रक्तदान शिविर अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य रक्त संचरण परिषद, उत्तर प्रदेश के पत्रांकःSBTC/Gen/81-C/2022-23/50, दिनॉक 13.04.2023 द्वारा प्रदेश के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा दिनॉक 25.04.2023 को रक्तदान हेतु जन–जागरूकता अभियान एवं वृहद रक्तदान शिविरों का आयोजन करते हुए स्वैच्छिक रक्त एकत्रित किया जाना है, जिससे प्रतिस्थानी रक्तदाताओं पर निर्भरता को कम किया जा सके।

इस सम्बन्ध में विषयगत कार्य हेतु समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा जनपदीय रक्तकेन्द्रों (सूची संलग्न) से समन्वय स्थापित करने हेतु अधिकाधिक रक्तदान शिविर आयोजित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(डा0 सुधीर एम0 बोबडे)
अपर मुख्य सचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, राज्य रक्त संचरण परिषद, उत्तर प्रदेश।
3. जनपदीय रक्तकेन्द्र, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(डा0 सुधीर एम0 बोबडे)
अपर मुख्य सचिव